आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**27 जुलाई** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा सुधारों पर उच्च अधिकार प्राप्त विशेष कार्यबल के गठन की घोषणा की। तकनीकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता में काम करेगा यह विशेष कार्यबल।
- आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश–विदेश के लोगों से साझा किए अपने विचार। कहा– रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है भारत।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा से उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत की। इटावा और मैनपुरी में किया विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में कहीं कहीं भारी बारिश की चेतावनी दी

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल परीक्षा सुधारों के लिए उच्चस्तरीय कार्यबल के गठन की घोषणा की। इसकी अध्यक्षता प्रख्यात प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणी करेंगे। इस कार्यबल में पूर्व आईबी निदेशक तपन डेका, पूर्व इसरो अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह कार्यबल परीक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाने पर काम करेगा।

**हमारी परीक्षा पद्धति ट्रांसपेरेंट हरे। हमारी परीक्षा पद्धति में सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग हो, इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए विश्व प्रसिद्ध टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट श्रीमान नंदन नीलेकणी जी के नेतृत्व में एक हाई पावर टास्ट फोर्स बनाने का निर्णय किया है, जो एक्जामिनेशन रिफॉर्म के साथ फोकस करेगा और जल्द से जल्द आने वाली परीक्षाओं की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने का काम इसकी रिपोर्ट के आधार पर कर दिया जाएगा।**

इस बीच, सरकार आज लोकसभा में लोक परीक्षाएं अनुचित साधनों की रोकथाम संशोधन विधेयक, दो हजार छब्बीस पेश करेगी। इसके माध्यम से लोक परीक्षाएं अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम–दो हजार चौबीस में संशोधन किया जाएगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कल देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने कारगिल विजय दिवस के वीर सैनिकों का स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन देशवासियों को अपने बहादुर सैनिकों के असाधारण शौर्य की याद दिलाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत रक्षा निर्यात, राजनीतिक सहयोग और मित्र देशों के मामले में लगातार नई ऊंचाइयां छू रहा है।

**रक्षा उत्पादन हो, रक्षा निर्यात हो या मित्र देशों के साथ राजनीतिक सहयोग भारत लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। इस महीने की शुरुआत में, मैं, इंडोनेशिया में था, जहाँ, ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइलों के लिए एक बड़ा समझौता हुआ है। दुनिया का भरोसा भारत के रक्षा उपकरणों और तकनीक पर बढ़ रहा है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश भर में सात अगस्त को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस बुनकरों के कौशल और रचनात्मकता के सम्मान का प्रतीक है।

**हथकरघे से बना हर परिधान किसी–न–किसी क्षेत्र, समुदाय और इससे जुड़े असंख्य लोगों की कहानी को सामने लाता है। ये वो लोग हैं, जो गर्व के साथ भारत की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में जुटे हैं। मेरा आग्रह है कि हम हस्तकला को प्रोत्साहित कर, अपने बुनकर साथियो का सम्मान करें। आइए, हम वोकल फार लोकल की भावना को और सशक्त करें।**

प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में हुए वृहद पौधरोपण का भी उल्लेख किया।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यूपी में भी जनशक्ति का अद्भुत संकल्प देखने को मिला है। वहां एक ही दिन में 12 जुलाई को 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। यूपी का सांसद होने के नाते मेरे लिए यह भी विशेष गर्व की बात है।**

प्रधानमंत्री ने बिजनौर जिले के लखी वाला गांव में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार चाय का जिक्र करते हुए कहा कि इस चाय ने सिर्फ स्वाद ही नहीं दिया, बल्कि अनेक बहनों के जीवन में आत्मनिर्भरता की नई खुशबू भी घोल दी है।

**उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के लखीवाला गांव में सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी महिलाओं ने विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी तैयार की है। इसमें लेमन ग्रास, गिलोय, मुलेठी, तुलसी, कच्ची हल्दी, दालचीनी, इलायची और सौंफ जैसी प्राकृतिक सामग्रियां शामिल है। अपने अनोखे स्वाद और गुणों की वजह से इस चाय ने बहुत कम समय में लोगों के बीच खास पहचान बना ली। प्रयागराज के महाकुंभ और दिल्ली के इंटरनेशनल फूड फेस्टिवल में इस हर्बल चाय को खूब सराहना मिली। विदेशों से आए लोगों ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई।**

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रदेश में हुए वृहद पौधरोपण का मन की बात कार्यक्रम में उल्लेख करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया है।

वहीं, बिजनौर जिले के लखी वाला गांव में स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी का प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम में जिक्र करने पर ग्रुप की एक महिला सदस्य ने प्रसन्नता जतायी।

**जो प्रोडक्ट्स हैं विदुरा हर्बल टी और या विदुरा से जुड़े हुए और जो प्रोडक्ट्स हैं हमारे उनको एक नेशनल मार्केटिंग मिलेगा और उनको इंटरनेशनल लेवल पे भी जाएगा हमारा प्रोडक्ट। तो हम लोग सभी दीदियां बहुत खुश हैं कि अब हमारे प्रोडक्ट की सेलिंग और बढ़ जाएगी। हमारी आजीविका में और ज्यादा वृद्धि हो जायेगी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल आगरा से विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेढ़ से तीन करोड़ रूपए तक की दुर्घटना बीमा कवर योजना की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से विश्वविद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी कॉलेजों के एक लाख अट्ठाइस हजार शिक्षकों और उनके परिवार के लोगों को लाभ मिलेगा। कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को हर साल पांच लाख रूपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कल ही मैनपुरी में छह सौ बयासी करोड़ रूपये की एक सौ ग्यारह विकास परियोजनाओं और इटावा में छह सौ चार करोड़ रूपये की एक सौ अट्ठाइस विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।

**********

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बी.एल. वर्मा ने बदायूं जिले के उझानी रेलवे स्टेशन से कल कासगंज–ऐशबाग एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले रेलवे परिसर में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मीडिया से बातचीत करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि लखनऊ के लिए नई ट्रेन शुरू होने से व्यापारी, मरीज और छात्रों सहित सभी वर्गों को इसका लाभ मिलेगा।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भी पीलीभीत के पूरनपुर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********

स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं के अड़तालीस किलोग्राम भार वर्ग में देश की भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कल स्वर्ण पदक जीत लिया। वहीं, ऋषिकांत सिंह चानंबम ने इन खेलों में पुरुषों के साठ–किलोग्राम भारोत्तोलन में रजत पदक हासिल किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी है।

**********

हापुड़ जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ पर गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के स्याना चौपला के निकट कल देर शाम हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली से बिजनौर जा रहा एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया और दूसरी ओर से आ रहे एक अन्य चार पहिया वाहन से टकरा गया। हापुड़ पुलिस के अनुसार दुर्घटना में घायल करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

**********

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में कहीं–कहीं गरज चमक के साथ भारी बारिश और बिजली गिरने का यलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कहीं कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच, बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं में गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

**********